बर्षः- 06
अंकः- 60
मुरादाबाद
(Saturday)
20 June 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर योगी का पहला बयान, बोले - हमने SIT बनाई है, वो दूध का दूध और पानी का पानी करेगी





मुख्यमंत्री ने अयोध्या दौरे के दौरान मंदिर में चढ़ावे से जुड़े विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया गया है, जो निष्पक्ष तरीके से तथ्य सामने लाएगा। साथ ही सभी पक्षों से अपील की कि वे ऐसी टिप्पणियों से बचें, जिनसे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हों।

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को पहली बार अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 1857 के बाद अंग्रेजों ने देश के युवाओं को दबाने का प्रयास किया, लेकिन युवा दबा नहीं। चौरी-चौरा, काकोरी ट्रेन को अंजाम दिया। अंग्रेज ज्यादा दिन ठहर नहीं पाए। आज यह देश आजाद है। नए उत्तर प्रदेश में हम रहे हैं।

झलकारी बाई ने देश की आजादी के लिए फिरंगियों को नाको चने चबाने के लिए मजबूर कर दिया था। राष्ट्र नायकों का सम्मान करना राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करता है। हमारी सरकार ने महारानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर अनेक अभियान प्रारंभ कराया। हमने वीरांगनों के नाम पर 3 पीएसी की यूनिट बनाए हैं। यह वीरांगना झलकारी बाई, अवंतीबाई, उदादेवी पासी के नाम पर हैं। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन तीनों बटालियन में सिर्फ बेटियां ही भर्ती होंगी।सपा के दोहरे चरित्र को देखो, कहते हैं राम भक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम के नारे लगाने पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से सुनने को मिला। हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बैठाई। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। लेकिन, मैं सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करें, जो रामभक्तों को आहत करे।

सपा पर जमकर बरसे योगी - सीएम योगी ने कहा, अब हर गरीब के घर में फ्री में शौचालय बन रहा है। जिन लोगों ने 2017 के पहले शासन किया था। आखिर उन्होंने कामाख्या धाम को नगर पंचायत क्यों नहीं बनाया। यहां की सड़कें क्यों नहीं बनाईं। क्यों गरीब को तब राशन नहीं मिल पाता था।क्योंकि, उन लोगों में संवेदना और इच्छाशक्ति नहीं थी। उनके लिए आपके कोई मायने नहीं। सिर्फ परिवार ही उनके लिए सबकुछ है। नौकरी मिलेगी तो उनके खानदान को, सुविधा मिलेगी तो उनके खानदान को, वो वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा कैसे लगवाते, क्योंकि उनको कब्रिस्तान की बाउंड्री से ही फुर्सत नहीं मिलती थी। उनकी सोच ही कब्रिस्तान तक सीमित थी।

## उम्मीदवार चयन पर उठे सवालों पर मायावती का पलटवार, बोलीं- मिशन-2027 की तैयारी से घबराए विरोधी



बहुजन समाज पार्टी प्रमुख ने उम्मीदवार चयन और आर्थिक सहयोग को लेकर उठे सवालों को पार्टी को बदनाम करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि विरोधी दल और कुछ वर्ग दुष्प्रचार फैला रहे हैं। कार्यकर्ताओं से अफवाहों से दूर रहने की अपील करते हुए मिशन-2027 की तैयारियों पर जोर दिया।बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने पार्टी के उम्मीदवार चयन और आर्थिक सहयोग को लेकर उठ रहे सवालों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बसपा को बदनाम करने के लिए विरोधी दल और मीडिया का एक वर्ग सुनियोजित तरीके से दुष्प्रचार कर रहा है। चुनाव नजदीक आते ही ऐसी गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिनका मकसद बसपा के बढ़ते जनाधार और संगठनात्मक मजबूती को नुकसान पहुंचाना होता है।सोशल मीडिया पर शुक्रवार को जारी बयान में मायावती ने कहा कि बसपा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चलने वाली ऐसी पार्टी है, जो बड़े पूंजीपतियों या धनकुबेरों के इशारों पर नहीं, बल्कि अपने समर्थकों के सहयोग और समर्पण के बल पर आगे बढ़ती है।


पूंजीवादी ताकतों को बसपा की मजबूती रास नहीं आती- यही वजह है कि संकीर्ण, जातिवादी और पूंजीवादी ताकतों को बसपा की मजबूती रास नहीं आती। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार चयन को लेकर जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि पार्टी में चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ होती है। मायावती ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल समेत पार्टी के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिशन-2027 को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे विरोधियों के प्रायोजित दुष्प्रचार और अफवाहों से भ्रमित न हों। बसपा प्रमुख ने दावा किया कि पार्टी की बढ़ती तैयारियों और जनसमर्थन को देखकर विरोधी दलों की बेचैनी बढ़ गई है, इसलिए वे लगातार भ्रामक अभियान चला रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

**56 साल के हुए राहुल गांधी; पीएम मोदी ने दी बधाई, कांग्रेस नेताओं ने बताया 'उम्मीद की किरण**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज 56 साल के हो गए। उनके जन्मदिन के मौके पर एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई है। वहीं, कांग्रेस के नेताओं ने राहुल गांधी को लोकतंत्र, न्याय और जनसरोकारों की राजनीति का मजबूत चेहरा बताते हुए उनकी सराहना की है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संदेश जारी कर राहुल गांधी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। प्रतिबद्धता और जनता से जुड़ाव को रेखांकित करते हुए उन्हें बधाई दी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।% राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री की ओर से दिया गया यह संदेश चर्चा का विषय बना हुआ है।उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 को हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के पुत्र हैं। उन्होंने अपना शुरुआती जीवन नई दिल्ली में बिताया। सेंट कोलंबस स्कूल और बाद में दून स्कूल में पढ़ाई करने के दौरान ही उनका परिवार राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया।

## राजनाथ सिंह ने YIL आयुध कारखाने में किया भूमि पूजन, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर दिया जोर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नागपुर में कहा कि पारंपरिक युद्ध के तरीके आज भी उतने ही जरूरी हैं जितने 1947 में थे। उन्होंने आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए बताया कि भारत का रक्षा उत्पादन और निर्यात तेजी से बढ़ा है। अब देश अपनी जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भरता कम कर रहा है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को नागपुर के अंबाझरी में थे। यहां उन्होंने आयुध कारखाने में सरकारी कंपनी यंत्र इंडिया लिमिटेड' (YIL) की 10,000 टन की एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस का शिलान्यास किया। यह नई सुविधा रक्षा क्षेत्र में जरूरी एल्युमीनियम पुर्जों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी।इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पारंपरिक युद्ध और उसके तरीके आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने 1947 में थे। उन्होंने जोर दिया कि साल 2047 में भी इनकी अहमियत बनी रहेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध छिड़ने पर सप्लाई चेन टूट सकती है। ऐसी स्थिति में हर देश चाहता है कि जरूरी सामान का निर्माण अपने ही देश में हो। जो राष्ट्र अपनी जरूरतें खुद पूरी करता है, वही आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है।रक्षा उत्पादन में हुई बढ़ोतरी-उन्होंने सैन्य औद्योगिक आधार को भविष्य के लिए बहुत जरूरी बताया। राजनाथ सिंह ने भारत की रक्षा प्रगति के आंकड़े भी पेश किए। उन्होंने बताया कि साल 2014 में भारत का रक्षा उत्पादन केवल 46,000 करोड़ रुपये था। साल 2025-26 में यह बढ़कर 1,78,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया हैइसी तरह रक्षा निर्यात में भी बड़ी बढ़त हुई है। साल 2014 में भारत का रक्षा निर्यात सिर्फ 1,000 करोड़ रुपये था। अब यह बढ़कर 40,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि घरेलू उत्पादन बढ़ने से भारत एक मजबूत सैन्य शक्ति के रूप में उभर रहा है। देश अब अपनी जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

## पीएम मोदी को अभिजीत दीपके का पत्रः कहा- जान गंवाने वाले छात्रों को मुआवजा मिले, प्रधान के इस्तीफे की भी मांग




जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रस्तावित दूसरे विरोध-प्रदर्शन से पहले कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। पीएम मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने दावा किया कि नीट पेपर लीक होने के वजह से अब तक 11 छात्रों की मौत हो चुकी है और कई छात्र गहरे मानसिक तनाव में हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके 20 जून को जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन से पहले शुक्रवार को पीएम मोदी को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने पीएम मोदी से अपील कि की वह उन छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दें, जिनकी परीक्षा से जुड़े विवादों के बीच कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हो गई। इसके साथ ही उन्होंने पेपर लीक की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की अपनी मांग दोहराई है।पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में दीपके ने कहा, %मैं आज भारी मन से आपको लिख रहा हूं ताकि आपका ध्यान एक बढ़ते हुए संकट की ओर आकर्षित कर सकूं जो हमारे देश के भविष्य यानी हमारे युवा छात्रों के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है।% उन्होंने अपने पत्र में दावा किया कि हाल के हफ्तों में पेपर लीक की वजह से 11 छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से पांच मौतें पिछले 48 घंटों में हुई हैं। स्थिति और खराब हो रही है क्योंकि छात्र दोबारा परीक्षा को लेकर अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं।अपने पत्र में दीपके ने केंद्र सरकार से प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया। उन्होंने तर्क दिया कि कई परिवारों ने अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के सपनों को पूरा करने के लिए भारी-भरकम एजुकेशनल लोन लिया था। जिन बच्चों की शिक्षा पर उन्होंने अपनी जीवन भर की बचत खर्च कर दी थी, उन्हें खोने के बाद ये परिवार पूरी तरह से बेसहारा हो गए हैं। ऐसे में पेपर लीक से प्रभावित परिवारों के लिए 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दिया जाए।

जवाबदेही तय करे सरकार- प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में दीपके ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी पिछले एक महीने से शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है और अपनी मांगों के समर्थन में देश भर में विरोध-प्रदर्शन कर रही है। हम छात्र बस यही चाहते हैं कि जान गंवाने की घटनाओं के लिए कुछ जवाबदेही तय हो। उन्होंने आगे कहा कि नेतृत्व को जवाबदेह ठहराना लाखों छात्रों और अभिभावकों का हमारी शिक्षा प्रणाली में भरोसा बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और ऐसा न करने से अनजाने में यह संदेश जाता है कि प्रशासन मौजूदा स्थिति को ही स्वीकार करता है। इसलिए, हम आपसे सम्मानपूर्वक अनुरोध करते हैं कि आप शिक्षा मंत्री को उनके पद से हटा दें। वे आपकी मर्ज़ी से काम कर रहे हैं और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की है। मंत्री को हटाने से सरकार की छवी बेहतर होगी% दीपके ने तर्क दिया कि शिक्षा मंत्री को हटाने से सरकार की कमजोरी नहीं, बल्कि जवाबदेही के प्रति उसकी प्रतिबद्धता दिखेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो छात्रों और अभिभावकों में निराशा और बढ़ सकती है। छात्रों की मानसिक सेहत और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही, ढांचागत सुधार किए जाने चाहिए ताकि %यह पक्का किया जा सके कि पढ़ाई-लिखाई से जुड़ी निराशा के कारण और युवाओं की जान न जाए। उन्होंने आगे कहा, अपनी मांग रखने के लिए पूरे भारत से छात्र 20 जून से जंतर-मंतर पर इकट्ठा हो रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आपकी सरकार भारत के भविष्य की आवाज सुनेगी।

## संपादकीय Editorial


### The Killings of Our Sailors

Of course, President Trump withdrew his "Doomsday Night" decision in Iran, but this was inevitable, as Trump is a leader with an unstable mind. One inhumane aspect of the Iran war is that every day is proving to be a doomsday for Indian sailors. The US military has also launched missile attacks on ships carrying Indian sailors and other Indian crew members along the Strait of Hormuz or off the coast of Oman. Whether a ship defies Iranian forces in Hormuz or ignores the US blockade, death is certain. A total of seven sailors have been killed so far in US attacks. This is undoubtedly a grave violation of the India-US strategic partnership and a war crime that defies international law. It also destroys India's trained human resources. This threat is faced not only by India, but also by countries in Europe and Asia whose ships are forced to transit through the Strait of Hormuz and Oman, carrying oil, gas, fertilizers, machinery, food, and other daily necessities. Although the Indian Ministry of External Affairs summoned the US Charge d'Affaires (a kind of ambassador) in Delhi and demanded an immediate end to attacks on merchant ships and civilian infrastructure, India has also lodged a strong diplomatic protest, but the US does not care about such rebukes and harsh attitudes. It interprets and enforces laws as per its convenience. "Strategic partnership" are two beautiful words, but the US does not understand their essence. The Union Shipping Ministry has revealed that 13 Indian-flagged ships and 562 Indian sailors are still present in the Strait of Hormuz. In fact, they are stranded. Over 18,000 Indian sailors are working throughout the Gulf region, and they are also deployed on ships of other countries. In such a situation, an escalation of the war or the US-Iran tensions also impact India's maritime and energy interests. In fact, since the Iran war erupted, nearly 20,000 sailors, mostly Indian sailors, have been stranded around the Strait of Hormuz. Many of them are large vessels, on the verge of running out of food and water, and the morale of the sailors is dangerously low. More than 1,600 ships are still stranded in the Persian and Oman Gulfs, carrying oil, gas, and other goods worth billions of rupees. How long can they remain afloat? What will happen to global maritime trade? Why will shipowners continue to do business amid "murderous attacks"?

What will happen to the 20-25 percent of the world's oil, gas, fertilizers, and other goods that used to pass through this "narrow waterway"? Will countries be forced to face severe crises? In all these contexts, President Trump should be considered the "villain of global instability.

" To some extent, it can also be considered the "counter-hegemon" of Iran's stubbornness and strategy of using the Strait of Hormuz as a weapon. The US-Israel-imposed war has plunged Iran into such a predicament that its people are condemned to live on EMIs. Inflation in Iran has risen by 73 percent. Iranians are buying old household items on EMIs. Life there is forced to live on debt. Nearly 2 million people have become unemployed. Now, President Trump's statement clearly shows that the US, like Venezuela, wanted to seize control of Iran's oil and gas, and hence imposed the war with the same predatory intentions. Some data shows that the US sold 167.2 million barrels of Iranian oil in April, earning $17.1 billion. Exports of petroleum products earned $36 billion. How did Iran allow so much to be plundered? Why would President Trump want to end this war, since it is proving to be a dollar-printing machine? Now Trump has again claimed that an agreement has been reached at the highest level. The agreement could be signed soon in a third country. Is Trump telling the truth?

# The elderly need respect, not support: A balance between responsibilities and independence



Old age requires respect, not support. The circumstances the elderly face in society are striking. Psychologist Neelkanth offered some advice to seventy-year-old Sunita from Agra to address domestic problems. The conflict you are experiencing isn't just a matter of workload, but also a stage in life where one craves peace, respect, and personal time. It's often assumed in Indian families that retirement or old age means parents will be fully available to handle household and childcare responsibilities. But with advancing age, the body has its limitations, and ignoring them can sometimes cost health and peace of mind. It seems you harbor a sense of guilt. You might be thinking that if you refuse to work or express your desire to live separately, people will consider it selfish. But the desire to live according to your potential isn't selfish. Just as your son and daughter-in-law have their own professional lives, you too have the right to live your life according to your needs. Before making any major decisions, try to understand your own mental fatigue and the actual circumstances separately. Sometimes, we don't need to leave home, but rather to change our roles. You may be willing to spend some time with the children, but you find it difficult to shoulder the responsibility of the entire day. This can be explained to your son and daughter-in-law clearly and calmly. People often understand our limitations only when we express them without complaint or accusation. If, even after a conversation, your needs aren't respected and pressure persists, it may be appropriate to consider living separately. But this decision should be made thoughtfully, not out of resentment. Living apart is only enjoyable when there is financial security and social connection. A decision made solely in search of peace can sometimes lead to loneliness. Ask yourself this question: If your household responsibilities are reduced, can you continue to live happily in the same home? If the answer is "yes," then the problem lies not in the relationship, but in expectations. If the answer is "no," and you truly need a separate living space, respect that desire. It's important that your family understands your limitations, your fatigue, and your need for peace. A dignified old age is not a gift, but a right for everyone. Establish a daily routine that includes physical activity and getting out of the house every day to interact with your neighbors. Make time for yourself and keep your social connections alive. Try to engage in fun activities with your grandchildren. Moving away may seem easier, but living apart also has its own challenges. Keep in mind that elderly people who live in old-age homes dream of living with their children and grandchildren.

# Politics and Policy: Chief Minister Dr. Mohan Yadav's Rising Stature

Politics and Policy: Several interesting developments are currently being discussed in Madhya Pradesh's political and administrative circles. Chief Minister Mohan Yadav's political influence is being strengthened after the BJP won all three Rajya Sabha seats in the elections. Meanwhile, the Meenakshi Natarajan nomination controversy is raising questions within the Congress party. The BJP won all three Rajya Sabha seats in Madhya Pradesh. This victory has significantly enhanced Chief Minister Dr. Mohan Yadav's stature in national politics. The BJP had initially indicated that the third Rajya Sabha



seat in the state would be reserved for the Congress party. Now, this victory is being considered a testament to the Chief Minister's strategy. Ajay Singh remained inactive in the Meenakshi Natarajan case. While the cancellation of the nomination papers of Rajya Sabha candidate Meenakshi Natarajan in Madhya Pradesh caused uproar within the Congress party, senior Congress leader and former Leader of the Opposition Ajay Singh Rahul remained inactive. His public statement on the matter came two days after the incident. There was discussion in political circles about why Ajay Singh remained silent on this matter. Meenakshi joins the ranks of Congress leaders - Rajya Sabha candidate Meenakshi Natarajan may have lost her battle with the Election Commission, but she is now considered one of the leading leaders of the state Congress. Meenakshi is recognized as a Gandhian leader. She was a former MP from Mandsaur and is the only Congress leader who, just a week after contesting the Lok Sabha elections, submitted a complete audited account to the party treasurer and returned the remaining money. At that time, the entire party was shocked. Everyone was wondering, is there such a leader? Who will become the Chairman of the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission? - The state government recently issued an advertisement for the appointment of the Chairman of the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission. This post has been vacant for the last one and a half years. It is believed that current and former officers of the Additional Chief Secretary level can apply for this post. The names of the officials doing the rounds include Alka Upadhyay, who recently retired as Secretary in the Government of India in June, J.N. Kansotia, who retired as Additional Chief Secretary in the Madhya Pradesh Government, and Malay Srivastava. Speaking of current officials, the current Chief Secretary, Anurag Jain, is retiring in August. If he doesn't seek an extension and doesn't take on any other responsibilities in Delhi, don't be surprised if he also takes up this position. Former Home Secretary Om Prakash Srivastava will share his spiritual experiences during the Narmada Parikrama. Former Home Secretary and retired IAS officer Om Prakash Srivastava will share his spiritual experiences during the Narmada Parikrama at the Dushyant Museum in Bhopal on Saturday, June 13th. His wife, Bharti Srivastava, will also be present. Bharti Srivastava, along with her husband, Om Prakash Srivastava, will travel the Narmada Path from December 10, 2025, to May 5, 2026. Srivastava's journey began immediately after his retirement as Secretary of the Home Department. His wife, who worked in the School Education Department, also retired during the same period. The Srivastava couple completed the 3144 km journey of Narmada Path in 147 days.

# तेज रफ्तार बस ने स्कूटी को मारी टक्कर, डॉक्टर की मौके पर ही मौत, छात्रा को कोचिंग छोड़ने जा रहे थे

मुरादाबाद के भोजपुर में प्राइवेट बस की टक्कर से स्कूटी सवार डॉक्टर की मौत हो गई। वह एक



छात्रा को कोचिंग छोड़ने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। भोजपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में चिकित्सक की जान चली गई जबकि स्कूटी पर सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। डॉक्टर युवती को कोचिंग छोड़ने के लिए मुरादाबाद जा रहे थे।सामने से आ रही प्राइवेट बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, थाना डिलारी क्षेत्र के गांव राजपुर केसरिया निवासी डॉ. आरिफ (45) पुत्र यूसुफ सुबह करीब सात बजे भोजपुर की छात्रा को कोचिंग के लिए छोड़ने जा रहे थे।जब वह भोजपुर प्राइवेट बस स्टैंड के पास पहुंचे तभी काशीपुर की ओर से आ रही प्राइवेट बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में डॉ. आरिफ और तेजस्वी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को तत्काल सीएचसी भोजपुर लेकर पहुंची।जहां चिकित्सकों ने आरिफ को मृत घोषित कर दिया। घायल तेजस्वी की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हादसे में शामिल प्राइवेट बस को कब्जे में लेकर थाने के बाहर खड़ा करा दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# हसनपुर में 15 मिनट के भीतर दो सड़क हादसे, ई-रिक्शा चालक और बस चालक की मौत, परिजनों में कोहराम

अमरोहा के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में 15 मिनट के अंतराल में हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी चालकों की तलाश की जा रही है।हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक और बस चालक की जान चली गई। घटना के बाद से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दो हादसे 15 मिनट के भीतर हुए। पहली घटना संभल अड्डा-रहरा बाईपास मार्ग



पर कनेटा रोड के पास की है। कनेटा रोड निवासी आबिद का बेटा सोनू उर्फ सादिक(19) देर रात परिवार के बच्चों को ई-रिक्शा में बैठाकर जा रहा था। तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार डीसीएम ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में सोनू उर्फ सादिक की मौके पर ही मौत हो गई। ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि ई रिक्शा में बैठे बच्चे सुरक्षित हैं। मृतक के पिता आबिद नगर की सचिन गैस एजेंसी पर डिलीवरी मैन का काम करते हैं। सोनू दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था।उसकी मौत की खबर सुनते ही मां और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरा हादसा देर रात झकड़ी अड्डे के पास हुआ। लालबाग ऊंचा निवासी सलीम अंसारी (37) पेशे से बस चालक थे। बृहस्पतिवार देर रात वह अपनी ड्यूटी खत्म कर झकड़ी अड्डे से पैदल ही अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान संभल की दिशा से आ रहे अनियंत्रित कैंटर ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे सलीम की मौके पर मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी तमन्ना और दो मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं। सलीम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया है। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों ही घटनाओं में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 4 साल पहले गायब अयान की ननिहाल कनेक्शन से खुली कड़ियां, इस एक सुराग ने फिर जगाई माता-पिता की आस

चार साल पहले पाकबड़ा से लापता हुए अयान के मिलने की उम्मीद फिर जगी है, क्योंकि हरिद्वार पुलिस ने एक बच्चा चोर गिरोह पकड़ा है जिसमें पाकबड़ा का एक दंपती शामिल है। दंपती का संबंध अयान के ननिहाल गांव से होने के कारण परिवार को शक है कि उन्होंने ही अयान का अपहरण किया था। चार साल पहले पाकबड़ा से घर के बाहर से खेलते हुए अपहरण किए गए अयान की वापस मिलने की उम्मीद एक बार फिर स्वजन की जग गई है। क्योंकि कुछ दिनों पहले उत्तराखंड पुलिस ने एक बच्चा गिरोह पकड़ा है। आरोपितों में पाकबड़ा में रहने वाले दंपती भी शामिल है। ऐसे में अयान स्वजन को लग रहा है कि अयान का अपहरण भी इस दंपती ने ही अपहरण किया है। स्वजन अब हरिद्वार के कनखल थाने के लिए रवाना हो गए है। पाकबड़ा पुलिस ने भी वहां की पुलिस से संपर्क किया है।पाकबड़ा थाना क्षेत्र के कैलसा रोड स्थित बिलाल मस्जिद के पास रहने वाले इरशाद का चार साल के अयान को 27 सितंबर 2022 को घर के बाहर से बहला फुसलाकर ले गया था।उस समय पुलिस ने अयान की तलाश में सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और क्राइम ब्रांच ने काम किया था। अयान घर के बाहर गली से एक फुटेज में युवक बच्चा ले जाते हुए दिखाई दिया था। उसके बाद किसी फुटेज में कही दिखाई नहीं दिया था। माता, पिता ओर भाई बहनों को आज भी अयान का इंतजार है।छह जून को हरिद्वार के कनखल कोतवाली पुलिस ने अमरोहा जिले के डिडौली क्षेत्र के पायंती कलां व हाल निवासी पाकबड़ा में किराए के मकान में रह रहे आकिल व उसकी पत्नी नसीमा को गिरफ्तार किया है। दंपती ने उत्तराखंड के दो बच्चों को चोरी करके बेचा था। कनखल पुलिस ने की निशानदेही पर चोरी किए बच्चे बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया। उधर इस बात की जानकारी गुरुवार को अयान के परिवार को लगी तो उन्हें भी अपने बच्चे के मिलने की आस जग गई। क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि अयान का अपहरण दंपती ने ही किया है। तुरंत हरिद्वार के कनखल थाना पुलिस से संपर्क करके पाकबड़ा पुलिस को भी जानकारी दी।

# शरीर पर जख्म देख सिहर उठे लोग, मूक-बधिर मासूम को नोचते रहे कुत्ते; दर्द से तड़पता रहा, चीख भी न सका

हसनपुर की अब्दुल्ला कॉलोनी में घर के बाहर खेल रहे सात वर्षीय मूक-बधिर पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चा बोल नहीं सकता था, इसलिए दर्द से तड़पने के बावजूद मदद के लिए चीख नहीं सका। परिजनों ने उसे बचाकर अस्पताल पहुंचाया।हसनपुर की अब्दुल्ला कॉलोनी में बृहस्पतिवार रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घर के बाहर




खेल रहे सात वर्षीय मूक-बधिर मासूम को आवारा कुत्तों के झुंड ने घेरकर बुरी तरह नोच डाला। काफी देर बाद परिजनों की नजर उस पर पड़ी और उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना से मोहल्ले के लोगों में भारी आक्रोश है। संभल रोड स्थित अब्दुल्ला कॉलोनी निवासी शब्बू का सात वर्षीय पुत्र हम्जा अली रात करीब नौ बजे घर के बाहर मोहल्ले में खेल रहा था।इसी दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों ने बच्चे के शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह नोच डाला। मूक-बधिर होने के कारण हम्जा न तो शोर मचा सका और न ही किसी को अपनी पीड़ा बता सका। काफी देर बाद बच्चे के चाचा मरगूब वहां से गुजर रहे थे।उनकी नजर लहूलुहान हालत में पड़े हम्जा पर पड़ी तो वह दौड़कर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया। परिजन आनन-फानन में हम्जा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सा प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चे के शरीर पर कई गहरे घाव हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में नगर पालिका और प्रशासन के प्रति गहरा रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले चार महीनों में आवारा कुत्ते तीन बच्चों को अपना शिकार बना चुके हैं। नगर पालिका और प्रशासन से कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

# बत्ती गुल-गुस्सा फुल: मुरादाबाद में लोगों ने घेरा बिजलीघर, फॉल्ट ठीक करने के लिए लाइनमैन तक नहीं मिले

भीषण गर्मी के बीच कांशीरामनगर में घंटों बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग से नाराज लोगों ने बिजलीघर का घेराव कर हंगामा किया। 33 केवी लाइन के केबल बक्से में खराबी और ओवरलोडिंग के कारण आपूर्ति बाधित रही। टाउनहॉल और दुर्गानगर समेत कई इलाकों में भी रातभर बिजली गुल रहने से पेयजल संकट गहरा गया। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली कटौती से कांशीरामनगर के लोगों का सब्र जवाब दे गया। शाम से शुरू हुई बिजली की आंखमिचौली रात तक जारी रही तो गुस्साए लोग घरों से निकलकर सीधे बिजलीघर पहुंच गए। रात करीब 11 बजे 60 से अधिक लोगों ने कांशीरामनगर बिजलीघर का घेराव कर जमकर हंगामा किया।लोगों का आरोप था कि इलाके में फॉल्ट और ओवरलोडिंग अब रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है, लेकिन विभाग स्थायी समाधान करने के बजाय केवल अस्थायी मरम्मत में जुटा रहता है। बृहस्पतिवार शाम करीब चार बजे 33 केवी लाइन के केबल बक्से में खराबी आने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई।भीषण गर्मी में लोग घंटों पसीने से तरबतर रहे। रात करीब साढ़े आठ बजे सप्लाई बहाल हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन यह राहत ज्यादा देर नहीं टिक सकी। कुछ ही देर बाद फिर बिजली गुल हो गई। लगातार ट्रिपिंग और बार-बार फॉल्ट से परेशान लोगों का गुस्सा भड़क उठा। लोग जब बिजलीघर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि ओवरलोडिंग के कारण नया फॉल्ट हो गया है और उसे ठीक करने के लिए पर्याप्त लाइनमैन भी मौके पर मौजूद नहीं हैं।यह सुनते ही लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने अधिकारियों से बात कर जल्द सप्लाई बहाल कराने का आश्वासन दिया। बिजली संकट केवल कांशीरामनगर तक सीमित नहीं रहा। टाउनहॉल क्षेत्र में बुधवार रात भर लोग अंधेरे में रहे, जबकि लाइनपार के दुर्गानगर में भी पूरी रात सप्लाई बाधित रही।बिजली कटौती के कारण कई इलाकों में पेयजल संकट भी खड़ा हो गया। इनवर्टर जवाब दे गए और लोगों की रात जागकर कटी। अधिशासी अभियंता योगेश कुमार सिंह ने बताया कि 33 केवी लाइन का केबल बक्सा क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति प्रभावित हुई। वहीं 11 केवी के अधिशासी अभियंता विकासदीप के अनुसार फॉल्ट ठीक होने के बाद सप्लाई शुरू की गई तो ओवरलोडिंग की समस्या सामने आ गई, जिससे बार-बार व्यवधान पैदा हुआ।घंटों इंतजार और शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं मिला तो लोगों का गुस्सा स्वाभाविक था। विभाग को हर बार फॉल्ट और ओवरलोडिंग का बहाना छोड़कर बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने पर ध्यान देना चाहिए। -ओमप्रकाश सिंह बिजली न होने से पूरी रात पानी की टंकियां नहीं भर सकीं। सुबह लोगों को पेयजल के लिए भी परेशान होना पड़ा। बिजली संकट अब केवल रोशनी का नहीं बल्कि बुनियादी सुविधाओं का संकट बन गया है। - रामपाल सिंहशाम से रात तक बिजली नहीं आई। बच्चे गर्मी से बिलबिलाते रहे। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। आखिरकार मजबूर होकर लोगों को बिजलीघर पहुंचकर विरोध करना पड़ा। - विपिन कश्यप हर दूसरे दिन फॉल्ट का बहाना सुनने को मिलता है। बिजली कटने से पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो जाती है। बच्चों, बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। विभाग केवल आश्वासन देता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं करता। - लव शर्मा बिजली निगम को पहले से पता है कि गर्मियों में लोड बढ़ेगा, फिर भी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जाती। घंटों बिजली गुल रहने से सभी कार्य प्रभावित हुए। विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। - विनय कुमाररात में छोटे बच्चे गर्मी से रोते रहे। इनवर्टर भी जवाब दे गया। बिजली कब आएगी, इसकी जानकारी तक नहीं दी गई। अगर समय पर सूचना मिल जाए तो लोग अपनी व्यवस्था कर सकते हैं। - अभिषेक जैन बिजलीघर पहुंचने पर पता चला कि फॉल्ट ठीक करने के लिए कर्मचारी ही नहीं हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। जब गर्मी चरम पर है तो विभाग को अतिरिक्त स्टाफ और संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए। - कपिल लगातार ट्रिपिंग से घरों के बिजली उपकरण खराब होने का खतरा बढ़ गया है। कई लोगों के इनवर्टर और इलेक्ट्रॉनिक सामान प्रभावित हुए हैं। विभाग को जवाबदेही तय करनी चाहिए ताकि ऐसी नौबत दोबारा न आए। - ब्रजपाल सिंह

## संक्षिप्त समाचार

### UP में आधे पंचायत भवन अब भी अधूरे, लेकिन इस एक जिले ने 100त्न काम कर रच दिया इतिहास

उत्तर प्रदेश में बहुउद्देशीय पंचायत भवनों का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, 321 में से केवल 159 ही पूरे हुए हैं। हालांकि, मुरादाबाद मंडल के रामपुर जिले ने अपने सभी 4 लक्ष्य पूरे कर 100त्न सफलता हासिल की है।गांवों में पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बनाए जा रहे बहुउद्देशीय पंचायत भवनों का निर्माण प्रदेश के अधिकांश जिलों में अभी भी सुस्त रफ्तार से चल रहा है। शासन की ताजा समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 321 पंचायत भवनों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक केवल 159 भवन ही पूरे हो पाए हैं। यानी आधे से अधिक पंचायत भवन अभी भी निर्माणाधीन हैं। पिछली समीक्षा बैठक के बाद भी केवल छह भवन ही पूरे हो सके हैं, जिससे निर्माण कार्य की धीमी गति उजागर हुई है। मुरादाबाद मंडल की बात करें तो सबसे बेहतर प्रदर्शन रामपुर जिले का रहा है। जिले को चार बहुउद्देशीय पंचायत भवनों के निर्माण का लक्ष्य मिला था और चारों भवन पूरे कर 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गई। इसी प्रदर्शन के दम पर रामपुर प्रदेश के टाप प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल हो गया है।हालांकि मंडल के अन्य जिलों की स्थिति इससे अलग है। मुरादाबाद जिले में पांच पंचायत भवनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें चार भवन पूरे हो चुके हैं और एक का निर्माण बाकी है। जिले की प्रगति 80 प्रतिशत दर्ज की गई है। मुरादाबाद मंडल की स्थिति (पंचायत भवन निर्माण) जिला लक्ष्य (Target) पूर्ण (Completed) प्रगति (Progress %) वर्तमान स्थिति / टिप्पणी रामपुर 04 04 100% शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल, प्रदेश का रोल मॉडल बना। मुरादाबाद 05 04 80% 1 भवन का निर्माण अभी बाकी है। अमरोहा – समीक्षा में प्रगति जारी (संतोषजनक)। संभल – समीक्षा में प्रगति जारी (संतोषजनक)। बिजनौर – वहीं अमरोहा, संभल और बिजनौर में निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक तो है, लेकिन सभी जिलों को समय पर लक्ष्य पूरा करने के लिए निर्माण कार्य में और तेजी लानी होगी। प्रदेश स्तर पर मथुरा, बाराबंकी, गाजियाबाद, मिर्जापुर और चंदौली ने भी 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। वहीं उन्नाव और सहारनपुर ने 80 प्रतिशत तथा मैनपुरी और कासगंज ने 75 प्रतिशत प्रगति दर्ज की है। दूसरी ओर कई जिलों की स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है। गाजीपुर, फर्रुखाबाद, बागपत और हाथरस में अभी तक एक भी पंचायत भवन पूरा नहीं हो सका है। कुशीनगर में मात्र 17 प्रतिशत और संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, बांदा, चित्रकूट तथा हमीरपुर में केवल 25 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। बहुउद्देशीय पंचायत भवन ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक कार्यों, बैठकों, जनसुनवाई, डिजिटल सेवाओं और सरकारी योजनाओं के संचालन का प्रमुख केंद्र होते हैं। ऐसे में इन भवनों के निर्माण में देरी का सीधा असर ग्रामीण विकास और पंचायतों के कामकाज पर पड़ रहा है। शासन ने धीमी प्रगति वाले जिलों से निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।मंडल के रामपुर जिले ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी बहुउद्देशीय पंचायत भवनों का निर्माण पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुरादाबाद सहित अन्य जिलों में भी निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है, जहां प्रगति धीमी है, वहां संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी पंचायत भवन जल्द जनता को समर्पित किए जा सकें। अभय कुमार यादव, उपनिदेशक, पंचायती राज विभाग, मुरादाबाद

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991


RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## महिला हितों को लेकर एक्शन मोड में आयोग, पुष्पा पांडे ने किया संस्थाओं का औचक निरीक्षण




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पुष्पा पांडे ने 19 जून 2026 को जिले में महिला सुरक्षा और पुनर्वास से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने वन स्टॉप सेंटर यूनिट-1 का निरीक्षण किया। केंद्र प्रबंधक श्रीमती चंचल गंगवार से जून माह में प्राप्त प्रकरणों की जानकारी ली गई। केंद्र प्रबंधक ने बताया कि जून माह में अब तक 106 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। इसके बाद आयोग की सदस्य ने सेंटर में आवासित पीड़िताओं से संवाद किया और उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। काउंसलिंग रूम के निरीक्षण के दौरान एक घरेलू हिंसा के मामले में चल रही काउंसलिंग को भी देखा गया। इस दौरान श्रीमती पुष्पा पांडे ने दोनों पक्षों को आपसी प्रेम, समझ और सहयोग के साथ दांपत्य जीवन को बेहतर बनाने की सलाह दी।

इसके बाद उन्होंने 300 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में संचालित तेरे मेरे सपने कार्यालय का भी जायजा लिया और मौजूद स्टाफ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के अगले चरण में राजकीय महिला शरणालय पहुंचकर उन्होंने वहां रह रही संवासनियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं व सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही संस्था में उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता भी जांची गई, जो संतोषजनक पाई गई।

## डिजिटल क्रांति की नई उड़ान... अब सरकार की हर योजना पहुंचेगी जनता तक

### सूचना विभाग ने लॉन्च किया अपना डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सूचना प्रवाह'

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। डिजिटल युग में सूचना के तेज और प्रभावी प्रसार को देखते हुए उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने एक नई शुरुआत की है।

राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह का शुभारंभ किया गया।

चैनल का उद्घाटन सूचना निदेशक विशाल सिंह और अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

'सूचना प्रवाह' सिर्फ एक यूट्यूब चैनल नहीं बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद का एक नया डिजिटल माध्यम होगा। इस प्लेटफॉर्म के जरिए प्रदेश सरकार की योजनाएं, विकास परियोजनाएं, उपलब्धियां, जनहित से जुड़े कार्यक्रम और शासन के महत्वपूर्ण निर्णयों की प्रमाणिक जानकारी सीधे आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

इसके साथ ही सूचना विभाग द्वारा तैयार किए गए वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी कहानियां, सरकारी अभियानों और महत्वपूर्ण आयोजनों से जुड़े वीडियो भी इस मंच पर उपलब्ध होंगे।

सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि आज डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में सूचना प्रवाह सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का काम करेगा, जिससे नागरिकों को योजनाओं और नीतियों की सही एवं विश्वसनीय जानकारी आसानी से मिल सकेगी।

वहीं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि सूचना विभाग आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस डिजिटल मंच के माध्यम से उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी योजनाओं को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गन्ना किसानों को सरकार की बड़ी सौगात, शुरू हुई 'गन्ना कृषक सम्मान योजना

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 से गन्ना कृषक सम्मान योजना शुरू करने का फैसला किया है। योजना के तहत उत्कृष्ट गन्ना उत्पादन, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, प्राकृतिक खेती और सबसे अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले किसान को 10 हजार रुपये, द्वितीय को 7 हजार 500 रुपये और तृतीय स्थान वाले किसान को 5 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। विजेता किसानों को गन्ना समिति की सामान्य निकाय बैठक में शॉल, मोमेंटो और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

योजना में शामिल होने के लिए किसान का गन्ना समिति का सदस्य होना और नियमित गन्ना आपूर्तिकर्ता होना जरूरी है। इच्छुक किसान 30 सितंबर तक अपने संबंधित गन्ना समिति कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए गन्ना उत्पादन बढ़ाने, नई तकनीक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, कुष्ठ आश्रम में बांटे फल


क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। महानगर कांग्रेस कमेटी ने महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया। पिछड़ा वर्ग धर्मकांटा स्थित कार्यालय पर केक काटकर मिठाई वितरित की गई, वहीं कुष्ठ आश्रम में फल बांटकर सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज बनकर जनहित के मुद्दे लगातार उठा रहे हैं। पूर्व प्रत्याशी शिक्षक विधायक डॉ. मेहंदी हसन ने कहा कि राहुल गांधी का संघर्ष लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समानता के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए देश में भाईचारे और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाला वाछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही साथ ही महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध में दिए गए आदेश के क्रम में थानाध्यक्ष सोनवा विसुनदेव पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 56/2026 धारा 69,351 (3) बीएनएस थाना सोनवा में वांछित अभियुक्त साजन उर्फ समशेर अली पुत्र नजर मोहम्मद नि0 सलीकाबाद थाना नानपारा जनपद बहराइच को भेंसड़ी नहर पुल नहर विभाग की बिल्डिंग के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। घटना से संबंधित 28 अप्रैल 2026 को वादिनी द्वारा थाना सोनवा पर उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि विपक्षी शमशेर अली उर्फ साजन ने शादी का झूठा वादा करके वादिनी के साथ दुष्कर्म करने तथा शादी करने से इनकार कर देने व वादिनी की अश्लील फोटो / वीडियो फोन पर भेजने की धमकी देने के सम्बन्ध में दिया गया था।

## फायर विभाग की तत्परता से बची दो जिंदगियां, आधी रात को चला रेस्क्यू ऑपरेशन



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना बहेड़ी क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ग्राम गुडवारा के पास नैनीताल रोड स्थित IOCL पेट्रोल पंप के नजदीक ट्रक और डंपर की जोरदार भिड़ंत के बाद ट्रक चालक और हेल्पर केबिन में फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 2:59 बजे थाना बहेड़ी क्षेत्र में दुर्घटना की सूचना फायर स्टेशन को मिली। सूचना पर फायर स्टेशन सिविल लाइंस बरेली और फायर स्टेशन बहेड़ी की टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि ट्रक संख्या UP 50 BT 7736 पीछे से डंपर संख्या UP 25 HT 3265 से टकरा गया था। हादसे में ट्रक चालक राजवीर सिंह पुत्र चंद्रसेन और हेल्पर केबिन में बुरी तरह फंस गए थे। फायर यूनिट ने हाइड्रोलिक कटर की मदद से केबिन का दरवाजा काटा और बोनट व चालक सीट को स्प्रेडर से हटाकर रास्ता बनाया। इसके बाद दोनों घायलों को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया।

रेस्क्यू के दौरान चालक के पैर में चोट लगी थी और हाथ का अंगूठा कट गया था। घायल चालक और हेल्पर को मौके पर मौजूद एंबुलेंस से इलाज के लिए बरेली भेजा गया।

## बरेली में दिख रही विकास की तस्वीर, कलेक्ट्रेट प्रदर्शनी में उमड़ा जनसैलाब









क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बरेली द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में विकास, सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण विषयक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है और आमजन सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी ले रहे हैं।

प्रदर्शनी में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को आकर्षक चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। युवा, विद्यार्थी और महिलाएं विशेष रुचि के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में लगी यह प्रदर्शनी 20 जून तक आमजन के लिए खुली रहेगी। वहीं लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे लोकगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

## 25 हजार का इनामी बर्खास्त सिपाही पुलिस के हत्थे चढ़ा पत्नी और साथी भी गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 25 हजार के इनामी बर्खास्त सिपाही, पत्नी और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। बर्खास्त सिपाही पर पीड़ित को फर्जी मुकदमे में फंसाने और तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप था। सुरकेश शर्मा के साथ उसकी पत्नी कृतिका शर्मा और साथी ओमवीर को भी पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में कुल 11 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीमों का गठन किया है। जल्द ही इन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भमोरा थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी अंकुर मिश्रा उर्फ प्रभात मिश्रा ने गुरुवार को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपियों ने संगठित गिरोह बनाकर उसे फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और मुकदमे से राहत दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रुपये न देने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में भमोरा पुलिस ने सुरकेश शर्मा समेत 11 लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

सदर नगर पुल के पास से दबोचे गए तीनों एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत भमोरा पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर सदर नगर पुल के पास घेराबंदी कर 25 हजार के इनामी सुरकेश शर्मा, उसकी पत्नी कृतिका शर्मा और ओमवीर को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## अर्जुन हत्याकांड पर न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे परिजन



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर के संजय नगर में हुए 20 वर्षीय अर्जुन हत्याकांड को लेकर परिजनों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अर्जुन की बेरहमी से हत्या की गई है। इसलिए सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जानी चाहिए।

शुक्रवार को परिजन और स्थानीय लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि अर्जुन की हत्या ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने हत्या में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए और उनके निर्माणों पर बुलडोजर चलाया जाए। परिजनों का आरोप है कि अर्जुन की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई थी। इसलिए प्रशासन को किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। प्रदर्शन के बाद परिजनों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि सोमवार रात संजय नगर इलाके में 20 वर्षीय अर्जुन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस मुठभेड़ के बाद एक आरोपी अर्पित को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि उसका साथी कुश अभी भी फरार बताया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाते और उन्हें कानून के तहत कड़ी सजा नहीं मिलती, तब तक उनका संघर्ष और न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।

## भीषण गर्मी से बढ़े डायरिया के मरीज, बच्चा वार्ड में 32 बच्चे भर्ती




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। भीषण गर्मी और उमस का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है।

तापमान बढ़ने के साथ ही जिला अस्पताल में डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। सबसे ज्यादा मरीज बुखार और डायरिया से पीड़ित पाए गए। डॉक्टरों के कक्षों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं, जबकि दवा काउंटर पर भी मरीजों को दवा लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। उमस भरी गर्मी का सबसे ज्यादा असर बच्चों की सेहत पर पड़ा है। शुक्रवार को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में बच्चों की संख्या बढ़कर 32 हो गई।

इसमें सबसे ज्यादा मरीज डायरिया और बुखार से पीड़ित थे। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि तेज गर्मी और दूषित पानी के सेवन से डायरिया के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

## बहराइच में रेल ओवरब्रिज निर्माण कार्यों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश





क्यूँ न लिखूँ सच/ बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा देवीपाटन (गोंडा) मंडल में लोक निर्माण विभाग एवं उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड की निर्माणाधीन तथा नवीन परियोजनाओं की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की गई।बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, प्रमुख अभियंता (विकास), विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के उपरांत उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने जनपद बहराइच में चल रही विभिन्न सेतु परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बाईपास परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शेष कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा बहराइच में नव निर्मित रेल उपरिगामी सेतु संख्या-40ए, जिसे 17 जून 2026 को आम जनता के लिए यातायात हेतु खोला गया था, का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवशेष फिनिशिंग कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।प्रबंध निदेशक ने कहा कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयसीमा के अनुरूप पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे आम जनता को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं – जिलाधिकारी




क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, सुरक्षित यातायात व्यवस्था एवं आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कानपुर-झांसी फोरलेन पर स्थित एट एवं आटा टोल प्लाजा पर पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से चौबीसों घंटे सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएं। विशेष रूप से रात्रिकालीन समय में थके हुए वाहन चालकों को विश्राम करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि नींद और थकान के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरूकता और सतर्कता दोनों आवश्यक हैं।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि एट एवं आटा टोल प्लाजा पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर वाहन चालकों एवं परिचालकों की मधुमेह, रक्तचाप, नेत्र परीक्षण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच कराई जाए। साथ ही वाहन चालकों की दक्षता का भी परीक्षण किया जाए, जिससे लंबी दूरी तय करने वाले चालकों की स्वास्थ्य स्थिति का समय-समय पर आकलन हो सके। जिलाधिकारी ने फोरलेन मार्ग पर ले-बाई के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर खड़े होने वाले वाहनों को तत्काल हटाने तथा ऐसे वाहन स्वामियों के विरुद्ध लाइसेंस एवं परमिट निरस्तीकरण सहित कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अनियमित पार्किंग दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है और इसके प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी।उन्होंने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर रॉन्ग साइड वाहन संचालन, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। शहर को जाममुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए जिलाधिकारी ने जिला परिषद चौराहे से अंबेडकर चौराहे तक अतिक्रमण हटाने एवं सड़क चौड़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समीप सुभाष तिराहे पर स्थापित प्रतिमा को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित कर सड़क चौड़ीकरण कार्य को गति देने तथा तिराहे पर लगने वाले जाम से स्थायी समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, एआरटीओ प्रशाशन सौम्या पाण्डेय, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता सीडी-1 सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता सीडी-3 महेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता विधुत महेन्द्र नाथ आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत तीन घायल




क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कोंच। गोरा करनपुर गांव के पास वैगनआर और बाइक के बीच आमने-सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार एक किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसी बाइक पर ही सवार तीन अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी कोंच में भर्ती कराया जहां से तीनों को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से कार अपने कब्जे में ले ली है। मृतक किशोर के चाचा की शुक्रवार को बारात जानी थी जिससे घर परिवार में कोहराम मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली कोंच क्षेत्र के ग्राम गोरा करनपुर निवासी अंगद परिहार की शादी का मंडप वृहस्पतिवार को था और घर में प्रीतिभोज की तैयारी चल रही थी। शाम करीब 5 बजे अंगद का भतीजा दीपेश (16) निवासी ग्राम गोरा अपने मौसेरे भाई शिवम (18) निवासी ग्राम नीचे का पुरा तथा परिवार के राजाबाबू (18) और प्रिंस (17) निवासी ग्राम गोरा के साथ एक ही बाइक प्लेटिना पर सवार होकर ग्राम तीतरा से कुछ सामान लेकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक ग्राम गोरा से करीब 50 कदम पहले पहुंची तभी तीतरा की ओर जा रही वैगनआर कार और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई और उक्त चारों सड़क पर आ गिरे। बाइक चला रहे दीपेश का हेलमेट न होने से सिर फट गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उक्त तीनों किशोर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कोंच में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर तीनों को उरई के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से वैगनआर कार अपने कब्जे में ले ली है और दुर्घटना की जांच में जुट गई है। घटना के बाद सीएचसी पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। पुलिस ने मृतक दीपेश के शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तीन भाइयों में मझला था

# संक्षिप्त समाचार

## आधार सेवाओं को मजबूत बनाने प्रशासन सक्रिय, जुलाई-अगस्त में स्कूलों में लगेंगे विशेष शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिले में आधार सेवाओं को अधिक सुलभ, त्वरित एवं प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में आधार सेवाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की समीक्षा की गई। बैठक में यूआईडीएआई के परियोजना प्रबंधक श्री निकेत दीवान ने जानकारी दी कि 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने शिक्षा विभाग को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए जुलाई एवं अगस्त 2026 में जिले के सभी विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित करने को कहा। इन शिविरों के माध्यम से पात्र बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट कराया जाएगा, जिससे उन्हें छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने तहसील स्तर पर लंबित आधार नामांकन प्रकरणों तथा 100 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों को आधार सेवाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन का मानना है कि विशेष अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में आधार सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।



## अस्पताल, होटल और मॉल अब प्रशासन की निगरानी में फायर सेफ्टी नियमों की जांच के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठित, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिले में अस्पतालों, होटलों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, मल्टीप्लेक्स, सिनेमा हॉल, मैरिज गार्डन और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने ऐसे सभी भवनों के निरीक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया है। प्रशासन का उद्देश्य संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन तथा सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गठित दल जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण करेगा। एसडीएम होंगे नोडल अधिकारी- निरीक्षण दल में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नगरीय क्षेत्रों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। दल में तहसीलदार, थाना प्रभारी, लोक निर्माण विभाग एवं नगर निकायों के तकनीकी अधिकारी भी शामिल रहेंगे। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में अस्पतालों, होटलों और व्यावसायिक भवनों में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन का यह कदम आमजन की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि जन सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## सदर विधायक नें गर्भवती महिलाओं की की गोद भराई

क्यूँ न लिखूँ सच/ बदायूं डायट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उनके सुखद व सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है विभिन्न जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी पात्रों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो हमारे पूर्वजों ने हमें संस्कार दिए हैं उसका हमें अनुसरण करना चाहिए और अपने रीति रिवाज को पूरे हर्ष के साथ मनाना चाहिए इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# बिना अनुमति प्रतिमा लगाने पर सख्त रोक, उल्लंघन करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई



क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिले में सार्वजनिक एवं शासकीय भूमि पर बिना अनुमति प्रतिमाएं स्थापित करने और उनसे जुड़े निर्माण कार्यों पर जिला प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार की प्रतिमा स्थापना पर रोक लगा दी है। जारी आदेश के अनुसार अब कोई भी व्यक्ति, संस्था, समिति या संगठन सार्वजनिक स्थल, शासकीय भूमि, नजूल भूमि, सड़क, चौराहे, पार्क, उद्यान अथवा अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी ऐतिहासिक, राजनीतिक, सामाजिक व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी या अन्य किसी व्यक्ति की प्रतिमा बिना सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति के स्थापित नहीं कर सकेगा। चबूतरे और स्मारक निर्माण पर भी प्रतिबंध प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिमा स्थापना के उद्देश्य से चबूतरा, मंच, प्लेटफॉर्म, स्मारक, आधार संरचना या किसी भी प्रकार का स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण कार्य भी बिना अनुमति नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा प्रतिमा या उससे संबंधित सामग्री को सार्वजनिक अथवा शासकीय भूमि पर रखना भी प्रतिबंधित रहेगा। भूमि पर कब्जा और कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक आदेश में कहा गया है कि प्रतिमा लगाने के उद्देश्य से भूमि पर कब्जा करना, घेराबंदी करना, निर्माण सामग्री एकत्रित करना या किसी प्रकार का सार्वजनिक आयोजन करना भी प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिमा स्थापना से संबंधित किसी भी प्रक्रिया को शुरू करने से पहले संबंधित विभाग और सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

बिना स्वीकृति नहीं होंगे शिलान्यास और अनावरण जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रतिमा के शिलान्यास, अनावरण, लोकार्पण अथवा स्थापना समारोह का आयोजन सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकेगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और संस्थाओं से आदेश का पालन करने की अपील की है। जिला प्रशासन का कहना है कि यह कदम सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण रोकने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और भविष्य में संभावित विवादों को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया कांगेस जनों ने केक काटकर सबको खिलाई



क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कोंच(जालौन)। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अध्यक्ष ता में एक कार्यक्रम स्थानीय सरोजनी नायडू पार्क में हुआ जिसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राहुल गांधी के चित्र के समक्ष केक काटा गया और फिर उनके लंबे जीवन की कामना की गई इस के बाद मौजूद सभी लोगों को केक काटकर खिलाई गई इस अवसर पूर्व सभासद अनिल पटेरिया प्रमोद शुक्ला लला सभासद वेद प्रकाश दिवेदी सभासद सरताज उद्दीन सभासद शमसुद्दीन मंसूरी सीनियर नेता विनोद कुशवाहा पूर्व सभासद जाहिद पूर्व सभासद सुल्तान राईन हाजी सेठ नसीर खान अवधेश कुमार अवस्थी सज्जन सिंह वर्मा कासिम खान मंसूरी सभासद आजाद उद्दीन श्री नारायण दीक्षित सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डायट परिसर आडीटोरियम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया



क्यूँ न लिखूँ सच/ जनपद बदायूं में जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को डायट परिसर आडीटोरियम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी एवं शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वह दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं देशभक्ति के गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने सराहना की कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि "भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा" इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। जिस भी व्यक्ति की जो भी जिम्मेदारी है, वह पूरी ईमानदारी से उसको पूरा करें तो वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचो, अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने शिक्षकों और बच्चों से कहा कि समर्पण लगनशीलता से कार्य करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित भी किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा विदेश में भारत की साख बढी है। कोरोना काल से निशुल्क खाद्यान्न वितरण जरूरतमंदों को कराया जा रहा है, तथा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को बिना भेदभाव के उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब भय मुक्त प्रदेश बन चुका है, तथा केंद्र सरकार की कई योजनाओं में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर रहा है। इसके अतिरिक्त योगी जी ने अनेकों ऐसी योजनाएं भी संचालित की हैं जिनको अन्य प्रदेशों ने भी अपनाया है।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा एवं श्रेष्ठा योजना परीक्षा अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 बच्चों को तथा उनका विभिन्न विषयों की बेहतर जानकारी देने वाले 10 शिक्षक/ शिक्षिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सतेन्द्र सिंह परियोजना निदेशक, डीआरडीए, गिरजेश चैधरी प्राचार्य डायट, नवीन कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, राकेश कुमार वरिष्ठ प्रवक्ता डायट व कई कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में अध्यापक , अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्रा मौजूद रहें।

# थाना कुवरगांव पुलिस ने चोरी करने वाले एक अभियुक्त को भेजा जेल



क्यूँ न लिखूँ सच/ जनपद बदायूं में एसएसपी अंकिता शर्मा के आदेशानुसार,अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज को थाना कुवरगांव पुलिस द्वारा मु0अ0स0-0091/2026 धारा 305/317(2) बी0एन0एस से संबंधित 01 अभियुक्त राजेश पुत्र ताराचन्द्र निवासी ग्राम दुगरैया थाना कुवरगांव जनपद बदायूँ को मय चोरी किये हुए एक बडी परात पीतल ( पीली धातु), सहित गिरफ्तार किया गया रात्रि में ग्राम दुगरैया में मेहरुनिशा व निगत के घरों में हुई चोरी के संबंध में थाना कुवरगांव पर मु0अ0सं0 70/26 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया । अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की वृद्धि की गयी । जिसमें उपरोक्त अभियुक्त के पास से 10000/- रु0 बरामद किये गये हैं । गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया

# आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में योग शिविर का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच/भूपेन्द्र तिवारी / आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए उनके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था। योग शिविर में पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्वयं उपस्थित होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मबल एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का भी सशक्त साधन है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग शिविर में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान संबंधी विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि पुलिस कर्मी दिन-रात समाज की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस अवसर पर पुलिस लाइन के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी, पुलिस कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदेश वस्थ आयु के लिए योग को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन, अनुशासित दिनचर्या एवं नियमित योगाभ्यास के संकल्प के साथ किया गया। योग शिविर के माध्यम से पुलिस विभाग द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता एवं फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई, जिसकी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहना की।

# महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक

क्यूँ न लिखूँ सच/भूपेन्द्र तिवारी / पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन



हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुनी गई जन समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच/भूपेन्द्र तिवारी / पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना



गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

### रोडवेज बस और कार में भीषण टक्कर, पुलिसकर्मी की कार क्षतिग्रस्त; बस स्टैंड पर जमकर हुआ हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद- जनपद के फतेहगढ़ क्षेत्र में एक रोडवेज बस और कार के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद माहौल गरमा गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से गाड़ी लेकर भाग निकला, जिसके बाद कार सवारों ने पीछा कर उसे रोडवेज बस स्टैंड पर घेर लिया। बस स्टैंड परिसर में दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और जमकर हंगामा हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल मामला शांत कराया। मिलिट्री ग्राउंड के पास हुआ हादसा- जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना फतेहगढ़ मिलिट्री ग्राउंड के सामने आंबेडकर प्रतिमा और फतेहगढ़ चौराहे के बीच की है। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका टायर भी फट गया। हेड कांस्टेबल की थी कार, पीछा कर बस स्टैंड पर घेरा- कार चालक की पहचान मैनपुरी जनपद के निवासी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में दूसरे जनपद में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। वह अपने रिश्तेदारों के साथ किसी काम से फतेहगढ़ क्षेत्र में आए हुए थे। कार सवारों का आरोप है कि हादसे के बाद रोडवेज बस का चालक वाहन को रोकने के बजाय उसे भगा ले गया। इस पर कार सवारों ने बस का पीछा किया और फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टैंड तक पहुंच गए। यहाँ चालक बस को परिसर में खड़ी करके मौके से रफूचक्कर हो गया। बस स्टैंड पर तीखी नोकझोंक, पुलिस ने संभाला मोर्चा- बस स्टैंड पर कार सवारों और रोडवेज कर्मचारियों के बीच विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई। हंगामा बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही कादरीगेट थाना पुलिस के उपनिरीक्षक अवधेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। दर्ज कराने पहुंचे कार सवार उपनिरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुई है।

# पल्स पोलियो अभियान की तैयारी को लेकर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व उप जिला अधिकारी हेमंतपटेल ने की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच/राजेंद्र विश्वकर्मा / जालौन जिले के कोंच में आज उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में 28 जून 2026 से पूर्ण होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारी के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एम ओ आई सी) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे इस दौरान अभियान की रूपरेखा बूथों की व्यवस्था घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की रणनीति एवं जागरूकता कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा



की गई और जिलाधिकारी हेमन्त पटेल ने सभी संबंधित विभागों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया कि पल्स पोलियो अभियान के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें उन्होंने कहा की कोई भी पत्र बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे इसके लिए विशेष सतर्कता बढ़ती जाए बैठक में अभियान को सफल बनाने हेतु विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया

# लस्सी न मिलने पर बवाल: फर्रुखाबाद में शराबी युवक ने दुकानदार पर ताना तमंचा, वीडियो वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद- उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ सिर्फ इतनी सी बात पर एक युवक ने दुकानदार पर तमंचा तान दिया क्योंकि उसे लस्सी मिलने में थोड़ी देर हो गई थी। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। क्या है पूरा मामला?-



यह सनसनीखेज घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुचिया की है। पीड़ित दुकानदार पंकज अवस्थी ने बताया कि बीती 17 जून की रात करीब 10 बजे एक युवक अत्यधिक शराब के नशे में उनकी दुकान पर पहुंचा। युवक ने आते ही लस्सी की मांग की। जब दुकानदार ने उससे कहा कि लस्सी तैयार होने में थोड़ा समय लगेगा, तो वह अचानक भड़क उठा। लस्सी थोड़ी देर में देने की बात कहने पर युवक आपा खो बैठा। उसने सरेआम गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित पंकज अवस्थी घर के रोशनदान से निकाला तमंचा- विवाद इतना बढ़ गया कि नशे में धुत युवक ने पास ही स्थित घर के रोशनदान से एक अवैध तमंचा निकाला और सीधे दुकानदार को दिखाते हुए डराना-धमकाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी वारदात का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब इंटरनेट पर वायरल है। पीड़ित ने की सख्त कार्रवाई की मांग- घटना के बाद से पीड़ित दुकानदार और स्थानीय व्यापारियों में भय का माहौल है। पीड़ित पंकज अवस्थी ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस अब वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# किशोरी को भागने पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार / कालपी (जालौन) तहसील कालपी क्षेत्र के अंतर्गत थाना आटा में किशोरी को बहला फुसलाकर भागने के मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ पीड़ित मां ने थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त मामले को लेकर प्रार्थनी ने थाना आटा में मुकद्दमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थनी ग्राम पिपरौधा की निवासी है। प्रार्थिनी ने बताया कि दिनांक 15.06.2026 को मेरी पुत्री जिसकी उम्र करीब 15 वर्ष है। घर से समय करीब 10 बजे अपनी नानी के साथ आटा गई थी।

जो इलाज के बाद आटा बाजार में नानी को छोड़कर मेरे गांव का आरोपी लड़का पुत्र सुरेंद्र मेरी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया जब प्रार्थिनी बकरी चराकर घर लौटी तब प्रार्थनी की मां ने यह बात प्रार्थिनी को बताई शक होने पर घर में रखे गहने व पैसे प्रार्थनी ने देखा तो घर से 30 हजार रुपए 2 जोड़ी टॉक्स, कानों की बाली नहीं थी। जो बेटी अपने साथ लेकर चली गई। प्रार्थिनी व परिवारजनों ने काफी तलाश किया पर कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी गई है।

# फर्रुखाबाद में अमृतपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 9 युवक घायल: शादी समारोह में लेकर जा रहा था टेंट का सामान, करनपुरदत्त मार्ग पर हादसा

क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद में अमृतपुर थाना क्षेत्र के करनपुरदत्त मार्ग पर गुरुवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से उसमें सवार करीब 9 युवक घायल हो गए।





ट्रॉली में शादी समारोह के लिए टेंट का सामान लादा गया था। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल भिजवाया। शादी समारोह के लिए जा रहा था टेंट का सामान- जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि दिनेश पुत्र बहादुर सिंह कुशवाह की पुत्री रुचि के विवाह समारोह की तैयारियां चल रही थीं। इसी सिलसिले में अमृतपुर से जटपुरा गांव टेंट का सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली से भेजा जा रहा था। ट्रैक्टर चालक अमित वाहन चला रहा था और ट्रॉली में कई युवक भी सवार थे, जो विवाह की तैयारियों में सहयोग के लिए जा रहे थे। अचानक अनियंत्रित होकर पलटी ट्रॉली- करनपुरदत्त मार्ग पर पहुंचने के दौरान अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। ट्रॉली पलटते ही उसमें रखा सामान बिखर गया और उसमें सवार युवक नीचे दबकर तथा गिरकर घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े।

मौके पर मची अफरा-तफरी- दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल युवक दर्द से कराह रहे थे, जबकि स्थानीय लोग राहत और बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

पुलिस और प्रशासन ने संभाला मोर्चा- सूचना मिलते ही अमृतपुर थाना पुलिस और क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने राहत कार्य का जायजा लिया और घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए। दुर्घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। सीएचसी राजेपुर भेजे गए घायल- स्थानीय लोगों, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम की मदद से घायलों को एंबुलेंस, पुलिस वाहनों और निजी साधनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया। वहां उनका प्राथमिक उपचार कराया गया। कुछ घायलों को अधिक चोटें आने की जानकारी भी सामने आई है। हादसे में ये युवक हुए घायल- ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की घटना में प्रेम सिंह (20), सुधांशु (18), पुष्पेंद्र (35), अंकित (22), सनी कुमार (18), प्रांशु (17), गौरव (21), अजय (19) और आदित्य (20) घायल हो गए। घायलों में प्रेम सिंह, सुधांशु, पुष्पेंद्र और अंकित को परिजन निजी वाहन से सीधे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं सनी कुमार, प्रांशु, गौरव, अजय और आदित्य को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। सभी घायलों का उपचार जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक ने लिया घटनास्थल का जायजा ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने दुर्घटना कैसे हुई, घायलों को समय पर उपचार मिला या नहीं तथा राहत एवं बचाव कार्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने मौजूद पुलिसकर्मियों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही घायलों के बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा दुर्घटना के कारणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

# After Delhi, Kangana Ranaut's film becomes tax-free in Haryana. What does CM Saini say about 'Bharat Bhagya Vidhata'?

Haryana Chief Minister Nayab Singh Saini has made Kangana Ranaut's new film, 'Bharat Bhagya Vidhata,' tax-free in the state. It was previously tax-free in Delhi. Kangana Ranaut's newly released film, 'Bharat Bhagya Vidhata,' is receiving positive reviews from critics. Released on June 12th, the film has been declared tax-free in Haryana. Delhi Chief Minister Rekha Gupta initially announced the film's tax-free status in Delhi. 'Bharat Bhagya Vidhata' becomes tax-free in Haryana On Saturday, a special screening of the film was held, attended by Haryana Chief Minister Nayab Singh Saini. After watching the film, he declared it tax-free throughout the state. Praising the film, set against the backdrop of the 26/11 Mumbai terror attacks, he called it a powerful story of courage, compassion, duty, and humanity. According to him, this film touches the heart of every Indian. What is the story of the film? Saini was accompanied by his wife Suman Saini, some of his ministers, and Kangana Ranaut at the screening. The film is based on the events at Mumbai's Cama Hospital on the night of the 26/11 attacks. It depicts how nurses, ward boys, cleaners, lift operators, security personnel, and administrative staff stood firm amid the chaos outside. CM Saini's statement: CM Saini said that society often praises famous heroes, but the true strength of the country lies in the doctors, nurses, policemen, security forces, and social workers who work diligently without seeking recognition or praise. He said that these people are the first to come forward to protect humanity in times of crisis.



# Is "Avengers: Endgame" fame Elizabeth Olsen pregnant? The actress was spotted with a baby bump; photos went viral.

Is Hollywood actress Elizabeth Olsen expecting a baby? She was recently spotted at a restaurant with a baby bump. Photos of her have gone viral. Elizabeth Olsen, who plays Scarlet Witch in the Marvel Cinematic Universe, is expecting her first child. She was recently spotted at a Los Angeles restaurant. She wore a white button-down shirt with the bottom slightly open, revealing her baby bump. She was seen holding her stomach while walking down the street. According to People magazine, actress Elizabeth Olsen is pregnant and expecting her first child with her musician husband, Robbie Arnett. Elizabeth Olsen and Robbie Arnett began dating in 2017 and kept their relationship private. The couple met through a mutual friend while vacationing in Mexico in 2017. According to Page Six, they began living together the following year. Took husband's name in 2021 - News of their engagement surfaced in 2019, and a source confirmed the news. In June 2021, Olsen surprised everyone by calling Arnett her husband during an interview. Pointing to a book in the "Little Miss" book series, she said, "I just noticed my husband has 'Little Miss Magic.'" Marriage confirmed in 2022 - Finally, in 2022, the actress confirmed that she and Arnett had secretly married. According to Page Six, she said, "We had a quiet wedding and then another wedding later. This was before COVID." Elizabeth Olsen's work - Elizabeth Olsen, who began her career with the 2011 independent film "Martha Marcy May Marlene," has since appeared in several major films. She is best known for her role as Scarlet Witch in the Marvel Cinematic Universe. Olsen also played Scarlet Witch in Disney's 2021 film WandaVision.



# These football players' wives are incredibly beautiful. From Messi to Ronaldo, who is in love with whom?

With the start of the FIFA World Cup, the craze for football is growing worldwide. Fans are excited to see everyone from Messi to Ronaldo. 48 teams are vying for the title. These football players are famous, but there are many whose girlfriends or wives surpass everyone in beauty. The FIFA World Cup 2026 has begun. For the first time, this mega-event between 48 teams is being played in three countries: the United States, Mexico, and Canada. Mexico defeated South Africa in the first match, while South Korea defeated Czechia in the second, marking a winning start to their campaign. Many star footballers, including Lionel Messi and Cristiano Ronaldo, are participating in the FIFA World Cup. Let's talk about the wives and girlfriends of players who outshine everyone in beauty... Antonella Roccuzzo - Argentina's Lionel Messi is married to Antonella Roccuzzo. They married in 2017. The Argentine football star's teammates attended the wedding, as well as Shakira and his then-partner, Gerard Pique. Messi and Roccuzzo have three children. Roccuzzo has appeared on the field several times to support Messi. Georgina Rodriguez - Cristiano Ronaldo is engaged to Georgina Rodriguez, whom he first met in Madrid in 2016. The couple announced their engagement in August 2025 with a photo of a ring. The couple's love story began eight years after they met. They frequently express their love for each other on social media and share glimpses of their family life with their children. Isabelle Haugseng - Erling Haaland is in a relationship with Isabelle Haugseng Johansen. They grew up together in the same town in Norway and have known each other since childhood. They began dating in 2021 and became parents for the first time in 2024. Agustina Gandolfo - Lotera Martinez married Agustina Gandolfo in 2023. Agustina's Instagram photos of them together from 2018 show that they have been together for almost a decade. They became parents in February 2021. Ashlyn Castro - Jude Bellingham's girlfriend is Ashlyn Castro. They have been dating since early 2025. There has been constant speculation about their relationship on social media. Castro was seen in the stands with Bellingham's mother, Denise, during a World Cup qualifier match at Spain's RCDE Stadium in early June 2025. Chloe Ortolano - Gio Renna is married to Chloe Ortolano. They married in Tarrytown, New York, in July 2025. The two had been dating for a long time before getting married. They grew close through their passion for football. Cheyenne Jane - Alphonso Davies is engaged to Cheyenne Jane. Although the exact date of their relationship is unclear, it was reported that they had been dating since 2024, but the influencer confirmed their engagement in January 2025. Fernanda Serrano - Santiago Jimenez is married to Fernanda Serrano. They married in a beach ceremony in May 2024. The two reportedly met online in 2020 while playing video games during the COVID-19 pandemic, then connected on social media and began dating.

